卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 104 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦21 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## दुल्हन की तरह सजा अयोध्या धाम

अयोध्या(उद ब्यूरो)। अयोध्या (उद संवादाता)। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया जा चुका है। इस भव्य कार्यक्रम में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम मोदी समेत देशभर की कई नामचीन हस्तियों को निमंत्रण भेजा गया है। सोमवार को होने वाले भव्य कार्यक्रम में राजनेता से लेकर कलाकारों और कई हस्तियों के शामिल होने की उम्मीद है। भारत के करोड़ों हिंदुओं की आस्था के केंद्र ऐतिहासिक अयोध्या धाम में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य यजमान के रूप में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22 जनवरी को ही (शेष पृष्ठ सात पर)





## मुठभेड़ में बदमाश ने दरोगा को मारी गोली

### बदमाश के पैर में भी लगी गोली, दो अस्पताल में भर्ती

मसूरी (उद संवाददाता)। देर रात एक होटल में पुलिस की बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक दरोगा गोली लगने से गंभीर घायल हो गये। उन्हें अस्पताल भर्ती कराया गया। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश को भी गोली लगी है। मामला रायपुर क्षेत्र में तानिया नाम की घायल मिली महिला से संबंधित है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि 13 जनवरी को रायपुर–थानों रोड स्थित बड़ासी पुल के नीचे एक महिला बेहोशी की हालत में मिली थी। दून अस्पताल में जब महिला के सिर का ऑपरेशन किया गया तो उसके सिर से एक गोली निकली। तब से महिला के पति की तलाश की जा रही थी। शनिवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि महिला का पति मसूरी किसी होटल में ठहरा हुआ है। पुलिस ने होटल की चेकिंग करनी शुरू की तो होटल में ठहरे बदमाश ने अचानक पुलिस पर गोली चला दी। इस दौरान चौकी इंचार्ज मिथुन कुमार के पेट मे गोली लग गई। (शेष पृष्ठ सात पर)

## साईकिल से अयोध्या जाते वृद्ध की हादसे में मौत

### हल्द्वानी से चलकर रूका था किच्छा में भाई के पास

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस साईकिल पर सवार होकर हल्द्वानी से अयोध्या श्री राम मंदिर दर्शन को निकले वृद्ध नगर निगम हल्द्वानी के सेवानिवृत कर्मी को किच्छा के पास मार्ग में अज्ञात वाहन चालक ने रौंद दिया जिससे वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार देवलचौड़ हल्द्वानी निवासी नगर पालिका हल्द्वानी से सेवानिवृत 72 वर्षीय भुवन चन्द्र जोशी पुत्र मथुरा दत्त जोशी गत दिवस 4 बजे



अयोध्या में श्री राम मंदिर के दर्शन करने के लिए साईकिल से रवाना हुए। देर रात किच्छा पहुंचने पर वह रोडवेज में ही रूक गये। आज तड़के भुवन जोशी किच्छा निवासी अपने छोटे भाई गोपाल दत्त जोशी जो ब्रिटानिया कम्पनी में नौकरी करते हैं के निवास गये। बड़े भाई को कंपकंपाती ठंड में अचानक सामने देख गोपाल चौंक गये। जानकारी लेने के बाद उन्होंने उन्हें बढ़ी उम्र तथा ठंड को देखते हुए घर में आराम देने के बाद समझाबुझा कर घर वापस भेज दिया। बताया जाता है कि भुवन जोशी जब साईकिल से गोकुल नगर के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह (शेष पृष्ठ 7 पर)

## बाईक सवार मजदूर को डम्पर ने रौंदा, मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि किच्छा मार्ग पर काम समाप्त कर बाईक पर सवार होकर घर वापस लौट रहे मजदूर को भदईपुरा के पास तेज गति से आते डम्पर चालक ने पीछे से टक्कर मार कर रौंद दिया। इस दुर्घटना में मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। डम्पर चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी वहां आ पहुंचे और शव देखकर उनमें कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार भदईपुरा शांति कालोनी निवासी 29 वर्षीय भानुप्रताप पुत्र खेमकरन किच्छा में मजदूरी



करता था। गत रात्रि वह मजदूरी करने के बाद अपनी बाईक से वापस घर लौट रहा था। मार्ग में भदईपुरा स्थित एक धर्मकांटे के पास पीछे की ओर से तेज गति से आ रहे डम्पर के चालक ने बाईक को जोर से टक्कर मार दी। जिससे बाईक सवार भानुप्रताप डम्पर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया और कुछ ही देर में उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस कर्मी वहां आ गये और उन्होंने वहां खड़े लोगों से घटना के बारे में आवश्यक जानकारी ली तथा शव कब्जे में लिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी वहां आ पहुंचे और शव देखकर उनमें कोहराम मच गया। मृतक भानुप्रताप की पत्नी व 6 माह की एक पुत्री है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। समाचार लिखे जाने तक परिजनों की ओर से पुलिस को काई तहरीर नहीं दी गई थी।

## दो बसों की भिड़ंत में कई यात्री घायल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।रोडवेज बस रविवार की सुबह सिडकुल की बस से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उसमें बैठे कई यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को 108 सेवा से हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल को भेजा है। सभी घायलों की हालत स्थिर बनी हुई है। हादसे का कारण घना कोहरा बताया जा रहा है। बताया गया है कि हल्द्वानी– सितारगंज मार्ग पर हल्द्वानी से बनबसा को जा रही रोडवेज की बस और सिडकुल की कर्मचारियों से भरी बस चोरगलिया थाना क्षेत्र के दानीबांगर मोड़ पर घने कोहरे के चलते अनियंत्रित होकर आमने–सामने टकरा गई। दोनों बसों के आपस में टक्कर होते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई, घटना के बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को बस से उतर कर 108 सेवा से हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल को भेजा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। चोरगलिया थाना प्रभारी भगवान सिंह मेहर का कहना है कि कोहरे के चलते हादसा हुआ है, हादसे में दोनों बसों के साथ यात्री घायल हुए हैं सभी घायलों को अस्पताल को भेजा गया है। कुछ घायलों को गंभीर चोट आई है। जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। वही थाना प्रभारी भगवान सिंह मेहर ने बताया कि स्थानीय लोगों व क्रेन मंगा कर दोनों बसों को किनारे कर यातायात को सुचारु किया है।

## ताबड़तोड़ फायरिंग में पूर्व विधायक पुत्र और अंगरक्षक घायल

काशीपुर(उद संवाददाता)। भाजपा के पूर्व विधायक के पुत्र व अंगरक्षक पर कुछ लोगों ने मामूली कहासुनी के बाद फायरिंग कर जान से मारने का प्रयास किया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हमलावर भी भाजपा से जुड़े बताये जाते हैं। मामला काशीपुर के दढ़ियाल रोड स्थित प्रकाश हारमोनी कालोनी का है। आगरा से पूर्व भाजपा विधायक कुबेर सिंह का परिवार यहां इस कालोनी में रहता है। 19 जनवरी की रात साढ़े ग्यारह बजे खाना खाने के बाद पूर्व विधायक के पुत्र प्रत्येन्द्र पाल सिंह व अंगरक्षक श्याम कुमार कालोनी में टहल रहे थे। इसी बीच एक काले रंग की थार जिसमें भाजपा



जिला मंत्री भाजपा का स्टीकर लगा हुआ था ,ने प्रत्येन्द्र पाल सिंह को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद कुछ दूर जाकर फ्लैट नं0 43 के सामने रोक दी ।प्रत्येन्द्र पाल व अंगरक्षक श्याम सिंह ने कार के चालक से गाड़ी देखकर चलाने को कहा। जिस पर कार चालक और उसमें बैठे दूसरे व्यक्ति ने एकदम से गाली–गलौच और मारपीट पर उतर आये और गाली देते हुए कार चालक ने असलाह निकाल लिया और फायर कर दिया। वह गोली बगल से निकल गयी फायर होते ही दोनों घबरा गये । दोनों व्यक्तियों ने हाथापाई शुरु कर दी। और हाथ में लिये असलाह के बट से दोनों के सिर पर ताबड़तोड़ हमले किये। जिससे दोनों के सिर पर गम्भीर चोट आयी। इस बीच आसपास के लोग बीच बचाव में आये । पुलिस को पूर्व विधायक कुबेर सिंह ने तहरीर दी जिसमें आरोपियों के नाम अंकुश चौधरी निवासी कस्बा दढ़ियाल उत्तर प्रदेश और दूसरे व्यक्ति का नाम कृष्णा निवासी म0नं0 47, प्रकाश हार्मोनी कॉलोनी है । पूर्व विधायक कुबेर सिंह के मुताबिक हथियारों (शेष पृष्ठ सात पर)

## बदमाशों ने होटल में की तोड़फोड़

काशीपुर(उद संवाददाता)। शराब के नशे में चूर होकर होटल में खाना खाने पहुंचे तीन युवकों ने होटल कर्मचारियों से गाली गलौज मारपीट करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दे डाली। शराब के नशे में तीनों ने जमकर उत्पाद मचाते हुए देर रात होटल में तोड़फोड़ भी की। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर चीमा चौराहे के समीप निवासी बत्रा चिकन कॉर्नर के स्वामी अनुज बत्रा पुत्र स्वर्गीय महेश चंद्र बत्रा ने बताया कि बीते 19 जनवरी की रात्रि लगभग 8बजे वाहन संख्या (शेष पृष्ठ सात पर)

## मेडिकल स्टोर से हजारों की नगदी और सामान चोरी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। चोरों ने मेडिकल स्टोर का ताला तोड़कर गल्ले में रखी नगदी व अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस को सौंपी तहरीर में ग्राम रामड़ी आन सिंह, फतेहपुर निवासी कैलाश चन्द्र पांडे ने कहा है कि उसकी ऊंचापुल हिम्मतपुर मल्ला में पांडे मेडिकोज है। जिसमें वर्तमान में निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें बीती 18 जनवरी की रात चोरों ने धावा बोल दिया और ताला तोड़ने के साथ ही गल्ला काट दिया। चोरी दुकान से 8 हजार की नगदी समेत अन्य सामान ले उड़े हैं। दुकानस्वामी ने तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की है।

## शादी का झांसा देकर युवती की लूटी आबरू

### पीड़िता ने साले बहनोई के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। शादी का झांसा देकर युवती से जबरन दुष्कर्म किए जाने का एक और हैरतअंगेज मामला प्रकाश में है। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी तथा उसके बहनोई के खिलाफ संगीत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने बताया कि मेन बस स्टैंड, ग्राम अठसैनी, हापुड़ देहात उत्तर प्रदेश निवासी शाह फहद पुत्र तरीकन अली की उसके पड़ोस में रिश्तेदारी होने के कारण उसका आना जाना था। इस बीच जान पहचान होने के कारण जब नजदीकी बढ़ी तो युवक ने उसके समक्ष शादी का प्रस्ताव रखा। पीड़िता का आरोप है कि वर्ष 2023 की 27 में को आरोपी युवक ने उसे ग्राम सरवरखेड़ा स्थित होटल पैराडाइज में बुलाया। यहां युवती को भरोसे में लेकर नशीला पदार्थ पिलाने के बाद बेहोशी की अवस्था में बिस्तर गर्म करते हुए अश्लील वीडियो फोटोस बना ली और इसी के सहारे युवती को ब्लैकमेल कर लगातार मनमानी करने लगा। इसी वर्ष 2 जुलाई को एक बार फिर से आरोपी ने पीड़िता को जरूरी बातचीत करने के बहाने इसी होटल में दोबारा बुलाया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पानी सर से ऊपर गुजरने पर जब पीड़िता ने कानून का सहारा लेने का प्रयास किया तो आरोपी ने शातिर दिमागी दिखाते हुए गुनाह की माफी मांग कर फौरन निकाह कर लिया और जल्द साथ ले जाने का वादा किया। पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शादी के बाद आरोपी अपने बहनोई सलाई हापुड़ हापर नगर, उत्तर प्रदेश निवासी अनवर अली पुत्र शकील अहमद को लेकर(शेष पृष्ठ सात पर)

## संदिग्ध हालातों में पंतनगर विश्वविद्यालय कर्मी की मौत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। पंतनगर विश्वविद्यालय में कार्यरत कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई। परिजन उन्हें उपचार के लिए पंतनगर राजकीय चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित किया। जानकारी के अनुसार पंतनगर विवि के पत्रवाहक 59 वर्षीय विनोद कुमार परिवार के साथ सरकारी आवास में रहते थे। गत सायं उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन उन्हें उपचार के लिए पंतनगर राजकीय चिकित्सालय ले गये। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक विनोद कुमार नशे के आदि थे। संभतया अधिक मात्रा में शराब पी लेने से उनकी मबीयत बिगड़ गई थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक विनोद कुमार एक पुत्र व दो विवाहित पुत्रियां हैं।


जय श्री राम
श्री राम मन्दिर प्राण-प्रतिष्ठा
22 जनवरी 2024 दिन सोमवार
!! श्री रामभक्तों से निवेदन !!
माताओ, बहनो एवं भइयो,
आगामी पौष शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत् 2080, सोमवार (दिनांक 22 जनवरी, 2024) के शुभदिन, प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को, श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मन्दिर भूतल के गर्भग्रह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। इस अवसर पर अयोध्या सहित पूरे विश्व में अभूतपूर्व आनन्द का वातावरण है। आप भी प्राण-प्रतिष्ठा के दिन पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे के मध्य अपने ग्राम, मोहल्ले, कालोनी में स्थित किसी भी मन्दिर में आस-पड़ोस के रामभक्तों को एकत्रित करके, भजन-कीर्तन,आरती-पूजा तथा श्री राम जय राम जय जय राम विजय महामंत्र का 108 बार सामूहिक जाप करें। इसके साथ हनुमान चालीसा,सुन्दरकांड,राम रक्षा स्तोत्र आदि का सामूहिक पाठ भी करे। प्राण प्रतिष्ठा के दिन सायंकाल सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिए दीपक जलाएँ, दीपमालिका सजायें और अपने प्रभु श्री राम के अयोध्या में विराजमान होने की खुशियाँ मनाये।
प्रभु श्रीराम भक्त
भारत भूषण चुघ
प्रदेश सह संयोजक, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ, उत्तराखण्ड

# रंग बिरंगे फूलों और रोशनी से जगमगाया श्री राम मंदिर, मोदी करेंगे लोकार्पण

अयोध्या(उद ब्यूरो)। आखिरकार त्रेता युग के अराध्य देव प्रभु श्री राम की जन्मभूमि अयोध्या नगरी में लगभग 500 वर्षों की प्रतीक्षा अब पूर्ण हो रही है। भारत के करोड़ों हिंदुओं की आस्थ के केंद्र में सनातन परम्परा से सेऐतिहासिक अयोध्या धाम में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा में मुख्य यजमान के रूप में देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र दामोदर दास मोदी अब 22 जनवरी को ही अयोध्या पहुंचेंगे। अयोध्या के भव्य राम मंदिर में कल 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है। देशभर में इसका अलग ही उत्साह देखने को मिल रहा है। अयोध्या में भी इसकी जोरशोर से तैयारी चल रही है। पूरी अयोध्या नगरी को त्रेतायुग की थीम पर सजाया जा रहा है, क्योंकि इसी युग में भगवान राम का जन्म अयोध्या के राजा दशरथ के घर ज्येष्ठ पुत्र के रूप में हुआ था। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए देश के कई दिग्गजों को आमंत्रण भी भेजा जा रहा है। ऐसे में यदि आप इस दिन अयोध्या नहीं जा पा रहे हैं तो घर पर ही रहकर भगवान राम की पूजा के साथ आरती और चालीसा का पाठ कर सकते हैं। प्रभु श्री राम की आरती और चालीसा का पाठ करने से जीवन की सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं। साथ ही भगवान श्री राम की कृपा बरसती है। राम मंदिर के लोकार्पण और रामलला के नवीन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या को 2500 क्विंटल फूलों से संवारा जा रहा है। इसके लिए दिल्ली व कोलकाता के साथ थाईलैंड और अर्जेंटीना से मनमोहक विदेशी फूलों की खेप मंगाई गई है। राम मंदिर के रास्ते रंग-बिरंगे फूलों से सजाए जा रहे हैं। राम मंदिर का नवनिर्मित भवन और प्रवेश द्वार अलग ही छटा बिखेर रहा है। इसी के साथ राम मंदिर पर हेलीकॉप्टर से गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा शुरू कर दी गई है। अंदर और बाहर सजावट के लिए शानदार लाइटिंग की गई है। बताया जा रहा है कि प्राण प्रतिष्ठा के दिन मंदिर का सौंदर्य अपने उत्कृष्ट पर होगा। राम मंदिर परिसर को फूलों से सजाने के लिए कई कारीगर आए हैं। मंदिर को सजाने के लिए ताजे फूलों का प्रयोग किया जा रहा है। यहां आप जिधर भी नजर घुमाएंगे सिर्फ आपको रंग-बिरंगे फूल दिखेंगे। राम मंदिर को पूरी तरह से पुष्पों से सुसज्जित किया गया है। मंदिर की सुंदरता को देखकर हर कोई मंत्रमुग्ध हो रहा है। हर चीज में सजीवता के दर्शन हो रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या राम मंदिर सज कर तैयार हो गया है।





# ट्रांजिट कैंप में निकली भव्य शोभा यात्रा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर आज सनातन धर्म एकता मंच द्वारा ट्रांजिट कैम्प सुभाष पार्क से आकर्षक झांकियों के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जो क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। शोभा यात्रा में शामिल लोग श्री राम के नाम का जयघोष करते जा रहे थे। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ नप्रदेश सह संयोजक भारत भूषण चुघ, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, तरूण दत्ता, राधेश शर्मा, सर्वेश रस्तोगी, प्रणयराज चौधरी, नीरज शर्मा, अजीत साहा, चन्द्रसेन कोली,





रामप्रकाश गुप्ता, शुभम निषाद, अभय सिंह, राजेश शर्मा, लाखन सिंह, शिवाजी सिंह, पवन राणा, हर्षित रस्तोगी, धीरेश गुप्ता, आलोक राय, शंकर विश्वास, प्रभाष स्वर्णकार, डा. अजीत, गौरव दास, गीता शर्मा, अनीता, कल्पना मंडल, आरती मंडल, नेहा मंडल, निष्ठी सरकार, दीपांशी मंडल, बबीता मंडल, नीता डे, संध्या, भगवती, सीमा, सुनीता निषाद आदि लोग शामिल थे।

# राम मंदिर आंदोलन में प्रसादी लाल ने 14 दिन काटी थी जेल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राम मंदिर आंदोलन में रम्पुरा के प्रसादी लाल ने भी अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें 14 दिन जेल में डाला गया था। वर्ष 1990 के दशक में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में रमपुरा से अयोध्या के लिए एक जत्थे के साथ कार सेवा के लिए निकले प्रसादी लाल कोली को रुद्रपुर सब्जी मंडी के सामने गिरफ्तार कर अल्मोड़ा जेल भेजा गया था। जहाँ उन्हें 14 दिन तक जेल में रहना पड़ा। प्रसादी



लाल कोली भाजपा नेता सुरेश कोली के पिता एवं पूर्व मेयर श्रीमति सोनी कोली के ससुर हैं। प्रसादी लाल कोली की पत्नी श्रीमती रामवती देवी फाजलपुर महरौला ग्राम सभा से क्षेत्र पंचायत सदस्य रहीं हैं। अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी के भव्य मंदिर के निर्माण से प्रसादी लाल कोली बहुत खुश हैं और अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं कि वह श्री राम जी का भव्य मंदिर बनता हुआ देख पा रहे हैं। प्रसादी लाल कोली बताते हैं कि अल्मोड़ा जेल में पूर्व सांसद बलराज पासी के पिता श्री योगराज पासी एवं किच्छा के विधायक तिलक राज बेहड़ पहले से ही बंद थे। श्री प्रसादी लाल कोली ने नम आँखों से कहा कि मैं बहुत खुशनसीब हूँ कि प्रभु श्रीराम के लिए 14 दिन जेल में बंद रहा और आज में प्रभु श्रीराम जी का भव्य मंदिर बनता हुआ देख पा रहा हूँ और अब मेरी इच्छा अयोध्या में प्रभु श्रीराम जी के दर्शन करने की है।

# नानकमत्ता में भी निकली भव्य शोभा यात्रा

नानकमत्ता (उद संवाददाता)।श्री नानकमत्ता साहिब में भगवान श्री राम के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व शोभायात्रा निकली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ श्री जगदंबा मंदिर से हुआ। शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान श्री राम के दरबार की सुंदर झांकी तथा इसके पीछे नगर के विद्यालयों के छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के राम चरित्र का अभिनय करती हुई झांकियां निकाली गई। इस अवसर पर लगभग 15 00 ध्वज / निशान के साथ नगर के स्त्री पुरुष बाल वृद्धि सभी लोग भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए राम धुन में तल्लीन दिखे।शोभा यात्रा नगर के गुरुद्वारा रोड, टीआरसी रोड ,बिजली कॉलोनी ,बंगाली कॉलोनी, सितारगंज रोड आदि से होते हुए निकली जहां नगर के प्रतिष्ठित एवं जागरूक लोगों के द्वारा प्रभात फेरी में सम्मिलित समस्त भक्त जनों को जगह-जगह पर बूंदी ,हलवा, चना छोले, चाय आदि का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर नगर के सामाजिक कार्यकर्ता मनोज गर्ग ,डॉ प्रेम सिंह राणा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सरदार प्रेम सिंह टुरना, संस्कार भारती के अध्यक्ष एवं शिक्षक दया शंकर शर्मा, सूरज सक्सेना, संजय मिश्रा प्रमोद अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, जगदंबा मंदिर के पुजारी जग प्रवेश वत्स राइस मिलर उमेश अग्रवाल दिनेश अग्रवाल के. वी .अग्रवाल ,विराट गोयल सुखबीर सिंह रमेश गंगवार , राजेश रस्तोगी ,अमित रस्तोगी ,ओम प्रकाश चौरसिया, मनीष रस्तोगी, सत्यनारायण मित्तल, निखिल मित्तल, मीनाक्षी मिश्रा, सुनीता गुप्ता, निर्मला बेंनींद मिथलेश शर्मा शिवानी शर्मा ,आनंद विभु शर्मा, राम भरोसे लाल चौधरी चरण सिंह, कैलाश जोशी छगनलाल अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# रूद्रपुर से अयोध्या धाम के लिए बस सेवा प्रारम्भ

रुद्रपुर/शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। विधायक शिव अरोरा ने अयोध्या धाम हेतु उत्तराखंड परिवहन की पहली बस भगवा झंडा दिखाकर रवाना की । इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने अयोध्या हेतु गये यात्रियों से मुलाकात कर उनकी मंगल यात्रा की कामना की। विधायक शिव अरोरा ने आज सुबह 8 बजे रोडवेज परिसर से रामभक्तों से मुलाकात कर बस रवाना की । इस अवसर पर विधायक ने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की यह सुखद पहल उत्तराखंड वासियों व रुद्रपुर के लिये बहुत सुखद क्षण है। हम अपने परिवार के साथ अयोध्या धाम प्रभु श्रीराम के दर्शन हेतु जा सकेंगे। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश कोली, मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली, भीमसेन गुप्ता, विकास सागर, शुभम गुप्ता, सुनील सागर, राजेन्द्र राठौर, सोनू वर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे। **शक्तिफार्म**-रूद्रपुर डिपो से आज प्रात: अयोध्या धाम के लिए बस सेवा प्रारम्भ कर दी गई। डिपो के एजीएम केएस राणा के साथ सीनियर डिपो इंचार्ज ब्रहमानन्द आदि ने पूजा अर्चना के बीच नारियल फोड़कर बस संख्या यूके 07 पीए 1713 को रवाना किया। बस रूद्रपुर से प्रात: 8 बजे चलकर शक्तिफार्म, सितारगंज, पीलीभीत, गजरौला, पूरनपुर, लखीमपुर, गोंडा होते हुए रात्रि में अयोध्या धाम पहुंचेगी। आज प्रथम दिवस पर बस में करीब 22 यात्री रवाना हुए। इस दौरान समाजसेवी रमेश राय, फोरमेन उमेश जोशी, गोबिंद मंडल, मुकेश कुमार, जयप्रकाश, ओमप्रकाश तिवारी, चरनजीत सिंह सहित कई रोडवेज कर्मी मौजूद थे। बस के साथ चालक गुरदीप सिंह व परिचालक अनिल ठाकुर रवाना हुए हैं।





# किच्छा में शोभा यात्रा का किया जायेगा भव्य स्वागत: कोली

किच्छा(उद संवाददाता)। निवर्तमान पालिकाध्यक्ष दर्शन कुमार कोली ने नगर की जनता से आह्वान किया है कि कल राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगर में निकली जा रही भव्य शोभा यात्रा के स्वागत हेतु प्रसाद वितरण का कार्यक्रम विधायक तिलक राज बेहड़ के नेतृत्व में किया जाएगा। प्रसाद ग्रहण करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे।उन्होंने बताया कि 22जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर का भव्य उदघाटन समरोह किया जा रहा है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में नव युवक कला केंद्र किच्छा द्वारा श्री राम जी की शोभा यात्रा 22 जनवरी दोपहर 3 बजे से पुरानी गल्ला मंडी से आरम्भ होकर नगर के मुख्य चौराहों से होते हुए आवास विकास जाएगी। श्री राम जी की इस शोभा यात्रा का स्वागत व प्रसाद वितरण किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा अपने साथियों के साथ गुरदयाल काम्प्लेक्स बाटला अस्पताल के सामने किया जाएगा।



!! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !!



उत्तराखण्ड का सर्वाधिक लोकप्रिय हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

### JANUARY

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

### FEBRUARY

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | | |

### MARCH

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |
| 31 | | | | | | |

### APRIL

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |

### MAY

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

### JUNE

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | | | | | | |

## श्री राम जी की आरती

हे राजा राम तेरी आरती उतारूँ,
आरती उतारूँ प्यारे तुमको मनाऊँ,
अवध बिहारी तेरी आरती उतारूँ,
हे राजा राम तेरी आरती उतारूँ।।
कनक सिंहासन रजत जोड़ी,
दशरथ नंदन जनक किशोरी,
युगल छबि को सदा निहारूँ,
हे राजा राम तेरी आरती उतारूं ।।
बाम भाग शोभित जग जननी,
चरण बिराजत है सुत अंजनी,
उन चरणों को सदा पखारू,
हे राजा राम तेरी आरती उतारूं ।।
आरती हनुमत के मन भाए,
राम कथा नित शिव जी गाए,
राम कथा हृदय में उतारू,
हे राजा राम तेरी आरती उतारूं ।।
चरणों से निकली गंगा प्यारी,
वंदन करती दुनिया सारी,
उन चरणों में शीश नवाऊँ,
हे राजा राम तेरी आरती उतारूं ।।
हे राजा राम तेरी आरती उतारूं,
आरती उतारूँ प्यारे तुमको मनाऊँ,
अवध बिहारी तेरी आरती उतारूँ,
हे राजा राम तेरी आरती उतारूं ।।

### JULY

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

### AUGUST

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

### SEPTEMBER

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | | | | | |

### OCTOBER

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

### NOVEMBER

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

### DECEMBER

| Sun | Mon | Tue | Wed | Thu | Fri | Sat |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

### HOLIDAY

Jan 14 : Makara Sankranti
Jan 15 : Pongal
Jan 26 : Republic Day
Feb 14 : Vasant Panchami
Mar 08 : Maha Shivaratri
Mar 25 : Holi
Apr 09 : Chaitra Navratri
Apr 11 : Eid al-Fitr
Apr 13 : Vaisakhi
Apr 17 : Rama Navami
Apr 23 : Hanuman Jayanti
May 10 : Akshaya Tritiya
Jun 17 : Bakr Id/Eid ul-adha
Jul 17 : Muharram/Ashura
Jul 21 : Guru Purnima
Aug 09 : Naga Panchami
Aug 15 : Independence Day
Aug 19 : Raksha Bandhan
Aug 26 : Krishna Janmashtami
Sep 07 : Ganesh Chaturthi
Sep 16 : Vishwakarma Puja
Oct 02 : Gandhi Jayanti
Oct 11 : Maha Ashtami
Oct 11 : Maha Navami
Oct 12 : Dussehra
Oct 29 : Dhanteras
Oct 31 : Diwali, Deepavali
Nov 15 : Kartik Purnima


Follows us UttaranchalDarpan.in
Follows us darpannews.net
Follows us DARPAN NEWS
Watch us DARPAN NEWS
Contact Us darpan.rdr@gmail.com
Contact Us 9897427585
Contact Us 9897427586


!! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !! जय श्री राम !!

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# दीपों से घरों को रोशन कर करें प्रभु राम का गुणगान

## रामभक्त चुघ ने घर-घर जाकर पूजा सामग्री और कैलेंडर वितरित कर लोगों से किया आवाहन





रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रभु राम पूरे विश्व के महानायक हैं और ऐसे में जब अयोध्या धाम में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव होगा तो पूरी दुनिया इस महानायक के सम्मुख प्रणाम कर देश और दुनिया की सुख समृद्धि की कामना करेगा। भाजपा नेता और समाजसेवी रामभक्त भारत भूषण चुघ ने बीती शाम और आज प्रातः भदईपुरा, रेशमबाड़ी और सुभाष कॉलोनी में घर-घर जाकर पूजा सामग्री और कैलेंडर वितरित किए और लोगों से आवाहन किया कि वह कल 22 जनवरी को अपने घरों और प्रतिष्ठानों को दीयों से प्रज्जवलित करें और अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा के सहभागी बनकर अपने घरों में दिवाली बनाएं। प्रभु राम के नाम का स्मरण करें। पूजा सामग्री और कैलेंडर वितरण अभियान से पूर्व श्री चुघ ने सभी वार्डों के मंदिरों में जाकर नमन किया और एक के बाद एक लोगों के घरों घरों में जाकर पूजा सामग्री और कैलेंडर वितरित किए। इस दौरान सभी राम भक्तों ने जय श्री राम के उदघोष के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह ऐसा पर्व है जिसे हर कोई देशवासी अपने दिल में सदैव संजोकर रखेगा। क्योंकि सदियों के लंबे इंतजार के बाद आज वह पल आया है कि जब प्रभु राम अपने घर में विराजमान होंगे, जिसका देश और दुनिया को लंबे समय से इंतजार था। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम में विभिन्न पूजा हवन और यज्ञ प्रारंभ हो चुके हैं। देश भर के संतों का जमावड़ा वहां लग चुका है और विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ प्रारंभ हो गया है ।उन्होंने कहा कि गर्भ ग्रह में प्रभु राम की मूर्ति स्थापित कर दी गई है और कल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत समेत तमाम साधु संत उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा अयोध्या धाम में इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे देश में उत्साह की लहर है और विभिन्न राज्यों से तमाम लोग अयोध्या धाम पहुंच रहे हैं। ऐसी अटूट श्रद्धा और आस्था बहुत कम देखने को मिलती है कि जब पूरा देश ही राममय हो चुका है।उन्होंने कहा कि प्रभु राम सभी के आराध्य हैं और यह हर्ष का समय है कि जब पूरा देश एकजुट होकर प्रभु राम के नाम का जाप कर रहा है। इस दौरान राम भक्त चुघ ने तमाम बुजुर्गों महिलाओं से आशीर्वाद लिया और युवाओं के साथ कंधे से कंध । मिलाकर घर-घर पहुंचे। जहां कई लोगों ने उन्हें राम नाम का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से वह शहर की तमाम बस्तियों में घर-घर पहुंचे और पूजा सामग्री तथा कैलेंडर वितरित किए। जिस प्रकार से लोगों ने इस प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर खुशी जाहिर की है उससे लगता है कि प्रत्येक दिल के भीतर प्रभु राम वास कर रहे हैं और सभी इस वैभवशाली और ऐतिहासिक पल के सहभागी बनना चाहते हैं। राम भक्त चुघ ने सभी लोगों से अपील की 22 जनवरी को घर- घर में दिया जलाएं और अपने घरों की छतों पर भगवा ध्वज स्थापित करे। इस दौरान आदर्श भदईपुरा , सुभाष कालोनी, रेशमबाडी के रामभक्तो में गजब का उत्साह देखने को नजर आया और लोगों ने जय श्री राम का घ्जयकारा लगाया। इस मौके पर भाजपा नेता महेंद्र शर्मा, ललित बिष्ट, सतनाम सिंह पप्पू, गोविंद साहनी, जितेंद्र यादव, अशोक यादव, राजेश यादव, रचित सिंह, तेजपाल, धर्मेंद्र यादव, शंकर सिंह, शंकर यादव, सुमित, राजवीर यादव, रोहन, आशीष, पुष्पेंद्र यादव, अंजलि नेगी, हिम्मत राम कोली, दर्शन कोली, शिवकुमार सिंबू, राज कोली, हृदय प्रकाश यादव समेत तमाम लोग मौजूद थे।

## मुख्य सचिव ने की जागेश्वर धाम परिसर में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। जागेश्वर धाम में जो भी कार्य मास्टर प्लान के अन्तर्गत किये जा रहे है उन कार्यो को प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण किये जाये। यह निर्देश उत्तराखंड



सरकार के पर्यटन विभाग के ओएसडी भाष्कर खुल्बे ने सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने अभी तक किये गये कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर को एक भव्य रूप प्रदान किया जाय जिससे यहाॅ आने वाले श्रद्धालुओं को आनन्द की अनुभूति मिल सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधीक्षण पुरातत्वविद् मनोज सक्सेना से मंदिर परिसर में अभी तक किये गये कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि मास्टर प्लान के अन्तर्गत जो भी कार्य किये जाने है उन्हें समयान्तर्गत पूर्ण किया जाय। उन्होंने कहा कि मंदिर में जो कार्य किये जाने है उनमें गुणवत्ता के साथ-साथ यहाॅ की संस्कृति का भी विशेष ध्यान रखा जाय। इस दौरान उन्होंने छत की मरम्मत कार्य, मोक्षदाह का निर्माण, भोगशाला, वाहन पार्किंग, इलमिरेशन कार्य सहित अन्य कार्यों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन सचिव को निर्देश दिये कि किये जा रहे कार्यों की समीक्षा समय-समय पर की जाय तथा श्रावण माह से पूर्व सभी कार्यों को पूर्ण कर लिया जाय। इस दौरान पर्यटन सचिव सचिन कुर्वे, मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे, प्रबन्धक मन्दिर समिति ज्योत्सना पंत, उपाध्यक्ष नवीन भट्ट, पर्यटन विकास अधिकारी अमित लोहनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान उन्होंने जागेश्वर धाम में पूजा- अर्चना की और बाबा जागेश्वर धाम का आर्शीवाद लिया।

## एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने किया होटलों और स्पा सेन्टरों का निरीक्षण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। क्षेत्र के होटलों और स्पा सेन्टरों में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनियमितता पाये जाने पर 83 पुलिस एक्ट के तहत 35 हजार रुपए का चालान किया गया। प्रहलाद नारायण मीणा, एसएसपी के निर्देशन में शहर के विभिन्न होटलों, स्पा सेंटरों में महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत उनि. दीपा भट्ट, प्रभारी एण्टी ह्यूमैन ट्रैफिकिंग यूनिट के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र के 7 स्पा सेन्टरों और 11 होटलों मे चैकिंग की गई। इस दौरान जिन होटलों व स्पा सेंटरों में रजिस्टरों तथा आवश्यक मापदंडों में अनियमितता पाए जाने पर पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की गई। इन स्पा सेंटर में अक्षिता प्रीतेश पुत्री बादशाह सैयद निवासी गोल्ड स्पा नैनीताल रोड दुर्गा सिटी सेंटर का 5 हजार रु नकद चालान, प्रियंका पुत्री स्वर्गीय मोहन ठाकुर निवासी क्लाउड नाइन स्पा नैनीताल रोड नियर एमबीबीजी कॉलेज का 5 हजार रू



नकद चालान तथा मोहित मंगा पुत्र दिलीप मंगा निवासी होटल लेमन पार्क नैनीताल रोड बाजार इंडिया के सामने काठगोदाम का 10 हजार रुपए का कोर्ट चालान किया गया। जबकि अरमान अंसारी पुत्र रईस अंसारी निवासी होटल रईस काठगोदाम रेलवे स्टेशन तिराहा काठगोदाम का 10 हजार रूपए का कोर्ट चालान व सुमन कुमारी पत्नी प्रकाश सिंह निवासी ग्रीन ट्री स्पा पुरानी चुंगी काठगोदाम का 5 हजार रुपए का नकद चालान किया गया।

## वाहन चालकों को किया यातायात नियमों के प्रति जागरुक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रभारी यातायात, कालाढूंगी, वनभूलपुरा, भीमताल, टीपी नगर एवम सीपीयू पुलिस ने स्थानीय जनता एवम ट्रक, टेम्पो व



अन्य वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया। एस एस पी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सभी थाना/चौकी एवम यातायात पुलिस द्वारा जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।थानाध्यक्ष कालाढूंगी नंदन सिंह रावत, थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, थानाध्यक्ष भीमताल जगदीप नेगी, चौकी प्रभारी टीपीनगर सुशील जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अपने- अपने क्षेत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय लोगों व वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि वाहन चलाते समय सभी सुरक्षा मापदंडों व यातायात नियमों का हमेशा पालन करना चाहिए। वाहन चालकों एवम स्थानीय जनता को शराब पीकर वाहन न चलाने, ओवर स्पीड वाहन न चलाने व वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने, दोपहिया वाहन में हेलमेट पहनने, रैश ड्राइविंग नहीं करने के संबंध में जागरूक किया गया। सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई तथा जागरुकता पम्प्लेट वितरित किये गए। निरीक्षक यातायात हल्द्वानी राकेश माहरा के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा शहर के भोलानाथ टैम्पू स्टैण्ड में ऑटो, ई-रिक्शा चालकों व आम जनमानस के साथ गोष्ठी आयोजित कर 34 वां सड़क सुरक्षा माह के तहत यातायात नियमों की जानकारी देकर यातायात जागरूकता से सम्बन्धित पम्पलेट वितरित किये गये।

## धूमधाम से निकली श्री राम शोभा यात्रा

खटीमा (उद संवाददाता)। शोभा यात्रा के सातवें दिन सर्वसमाज द्वारा निकली गई। श्रीराम जी की प्रभात फेरी मे मेलघाट रोड़, बिहारी कालोनी मयूर विहार, थारू कालोनी, चांदी कॉम्प्लेक्स,




टनकपुर रोड होते हुए मुख्य चौक के पास रामलीला मन्दिर महा आरती के साथ सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा मे सभी वर्ग की महिलाओं पुरूषों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। प्राण प्रतिष्ठा का दिन जैसे जैसे नजदीक आता जा रहा है। रामभक्तों का उत्साह बढ़ता जा रहा है। रामलाला की अयोध्या में मन्दिर निर्माण की आस मे स्थानीय जनता अति उत्साहित हैं। श्री राम शोभायात्रा में रामभक्तों का हुजूम हाथ में श्री राम जी, एवं हनुमान जी के जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुआ यात्रा जहां जहां से गुजरती हुई निकली लोगों ने बड़े उत्साह के साथ शोभा यात्रा का स्वागत किया। शोभा यात्रा 22 जनवरी को शहर के सभी मुख्य मार्गो मे निकली जायेगी। सुबह सात बजे से यात्रा प्रारम्भ होगी यात्रा मे राम जी की झांकी, महाराष्ट्र से आए बैंड से यात्रा का स्वगत किया जाएगा। अग्रवाल सभा,रामलीला कमेटी द्वार रामलीला मैदान मे विशाल भंडारे का अयोजन किया जायेगा। एलईडी मे अयोध्या मन्दिर का उदघाटन का लाइव प्रसारण किया जायेगा। यात्रा में रामू जोशी, सतीश गोयल, मनोज वाधवा, संतोष अग्रवाल, राजीव बंसल, मोनू रोहेला, भास्कर जोशी, सोनिया सुनेजा, मोहनी पोखरिया, सावित्री कन्याल, सीमा गुप्ता, संदीप मित्तल, राहुल सक्सेना, भानू शास्त्री आदि रामभक्त मोजूद थे।


श्रीराम मन्दिर
समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में
प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
प्रभु श्री राम भक्त
मोहन लाल खेड़ा
निर्वतमान पार्षद भूरारानी, रुद्रपुर (उधमसिंहनगर)



श्री सनातन धर्म सभा (रजि.) रुद्रपुर
महेश बब्बर
अध्यक्ष
ओमप्रकाश अरोरा
महामंत्री



समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
डा. विवेकदीप सिंह
प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय जनता युवा मोर्चा, उत्तराखण्ड


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
के. के. त्रिपाठी
भाजपा नेता, रविन्द्र नगर रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
विजय भूषण गर्ग
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कुमाऊं मंडल प्रभारी
प्रदेश अग्रवाल महासभा, उत्तराखण्ड
मै. विजय फिलिंग स्टेशन, लालपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में
प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज
बंशीधर गुम्बर
आंशू गुम्बर
रोहित गुम्बर
निर्माता– धान थ्रेशर, गेहूँ थ्रेशर, रोटावेटर, स्ट्रारीपर, हैरो, पैडी हैरो, जीरो ड्रील आदि
C-19,20, इण्डस्ट्रियल इस्टेट, किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर
Ph.: 05944-243508, 9412034731, 9568880000


समस्त क्षेत्रवासियों को
भव्य श्रीराम मन्दिर में
प्रभु श्री रामलला
के विराजमान होने
की हार्दिक बधाई
सीए शिव अरोरा
विधायक, रुद्रपुर विधानसभा


वेद ठुकराल
वरिष्ठ भाजपा नेता, रुद्रपुर
समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई


श्रीराम मन्दिर
प्रभु श्री राम भक्त
राजेश तिवारी
वरिष्ठ भाजपा नेता, उधमसिंहनगर
समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में
प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
BINDAL HYUNDAI
HYUNDAI
रुद्रपुर में हुण्डई कारों के
एकमात्र अधिकृत विक्रेता
BINDAL ENTERPRISES PVT LTD
Anand Bindal - Managing Director


अल्मोड़ा ज्वैलर्स
हमारे यहां 24 कैरेट सोने व चाँदी के आकर्षक आभूषण ऑर्डर पर तैयार किये जाते हैं।
10,000 की खरीद पर निश्चित उपहार
हमारे यहां सभी प्रकार के हॉलमार्क ज्वैलरी उपलब्ध है।
मो. 9012749183
पहुँची, गढ़वाली व कुमाऊंनी नथ गुलबन्द विशेष डिजाइन में तैयार किये जाते हैं।
राशि के नग जैसे मोती, मूंगा, माणिक्य, पन्ना, पुखराज आदि
ओडिसी प्रिंटर्स के सामने, भल्ला मेडिकल गली, मेन मार्केट, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में
प्रभु श्री रामलला के विराजमान
होने की हार्दिक बधाई
मीनू कोली
पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, किच्छा
प्रभु श्री राम
के दास
दर्शन कुमार कोली
निवर्तमान पालिकाध्यक्ष,किच्छा



श्रीराम मन्दिर
समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
हरीश अरोरा
महामंत्री
प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, रुद्रपुर
प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल, रुद्रपुर के चुनाव में महामंत्री पद हेतु आपके प्यार, सहयोग एवं आशीर्वाद का आकांक्षी


श्रीराम मन्दिर
विभोर बठला
एमडी- स्टार सेल्स कॉरपोरेशन
आदर्श कालोनी, रुद्रपुर


श्रीराम मन्दिर
प्रभु श्री राम भक्त
अमित मिश्रा 'बिट्टू'
निवर्तमान पार्षद, रुद्रपुर
समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई


श्रीराम मन्दिर
प्रभु श्री राम भक्त
सचिन मुन्जाल
प्रतिनिधि निवर्तमान पार्षद,रुद्रपुर
समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई



समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में
प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
प्रभु श्री राम भक्त
सुरेश गौरी
निवर्तमान पार्षद,नगर निगम, रुद्रपुर (उधमसिंहनगर)


भव्य श्री राम मन्दिर में प्रभु श्री राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा पर आप
सभी रामभक्तों को हार्दिक बधाई। आप सभी पर प्रभु श्री राम जी की कृपा बनी रहे
GAGNEJA PROPERTIES
GAGNEJA
PROPERTIES
SRA F 69 Shop No 4,Adarsh Colony Rudrapur
सोनू गगनेजा
उपाध्यक्ष
रूद्रपुर रियल इस्टेट
एडवाइजर एसोसिएशन


सभी भक्तों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
श्री हरिधाम
मन्दिर श्री मेहन्दीपुर बालाजी महाराज (गोपाल विहार, निकट शारदा कलोनी)
महन्त श्री मनीष सलूजा जी
निवेदकः श्री सीताराम कृपा सेवा समिति एवं श्री सीताराम कृपा महिला मंडल, हरिधाम मन्दिर, गोपाल विहार, निकट शारदा कालोनी ,रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्री राम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
Sunil Kalra
9927032888
BALAJI TRADING CO.
Deals in All Kinds of Industrial scrap
वनखण्डी नाथ नगर, सिडकुल रोड, ग्राम फुलसुंगी, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
!! श्री राम मन्दिर !!
शेखर जुयाल
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
सुरेन्द्र घई
सिविल कॉन्ट्रेक्टर
श्री सांई कन्सट्रक्शन
59/3, आवास विकास, रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर)


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्री राम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
पंकज बांगा
बांगा क्रेन सर्विस, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
Jwala Shoes Palace
Krishan Narang
9927256888
All Kinds of Ladies, Gents & Kids Wear Etc.
Sant Baba Lal Singh Ji Marg, Matke Wali Gali, Rudrapur Ph.: 05944-244240


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
सुनील ठुकराल
गुरदास कलेक्शन
मटके वाली गली, रुद्रपुर



समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
श्री शिव मन्दिर
मॉडल कालोनी, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर)
एवं समस्त भक्त श्री शिव मंदिर, मण्डल कालोनी, रुद्रपुर


रुद्रपुर राईस मिलर्स एसोसिएशन
की ओर से
समस्त क्षेत्रवासियों को
भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
श्याम अग्रवाल
अध्यक्ष
अमित जिन्दल
महामंत्री
सचिन अग्रवाल
कोषाध्यक्ष


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
राजेश अरोरा 'पप्पल'
तिलक राज अरोरा
मनिक अरोरा
pvc wall & ceiling panels
EESHA TRADERS
SRA, E-2, Kashipur By Pass Road Opp. Police Chowk, Rudrapur


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
अमित जैन लोहिया
निनाद जैन
माँ पदमावती स्टील एण्ड सीमेन्ट
हमारे यहां एंगल चैनल, चादर पत्ती, सरिया, तार, पाईप, शटर सामान व सीमेन्ट इत्यादि मिलता है।
किच्छा बाईपास रोड, रुद्रपुर फोन-05944-246363 मो. 9837014366


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्री राम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
सजल अग्रवाल
संजय अग्रवाल
डायरेक्टर
सावित्री देवी इण्डस्ट्रीज
उच्च कोटि चावल के निर्माता
ग्राम कीरतपुर, काशीपुर रोड, महानगर रुद्रपुर मो. 9837076834


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
सुनील चुघ
समाज सेवी, रुद्रपुर


समस्त क्षेत्रवासियों को भव्य श्रीराम मन्दिर में प्रभु श्री रामलला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
जीवन राय
एडवोकेट
प्रदेश महामंत्री विधि प्रकोष्ठ, कांग्रेस

# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## कोचिंग केंद्रों की मनमानी

पूरे देश में कोचिंग केंद्रों की एक समांतर शिक्षण व्यवस्था कायम है, जिस पर कोई तय नियम–कायदा लागू नहीं है। इसी का नतीजा है कि ये केंद्र अपने कारोबारी होड़ में न सिर्फ बढ़–चढ़ कर दावे करते, झूठे और भ्रामक प्रचार–प्रसार करते, बल्कि विद्यार्थियों को अंधी प्रतियोगिता में हांक देते हैं। इसके चलते विद्यार्थियों के मनोबल पर बुरा असर देखा जा रहा है। उनमें खुदकुशी की प्रवृत्ति बढ़ रही है। कोचिंग केंद्रों में विद्यार्थियों के लिए बुनियादी सुविधाओं, सुरक्षा उपायों तक का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझा जाता। बहुत सारे कोचिंग संस्थान तंग गलियों, छोटे–छोटे कमरों में चलाए जा रहे हैं, जहां किसी हादसे की स्थिति में बचाव का कोई इंतजाम नहीं होता। कुछ जगहों पर आग लगने से विद्यार्थियों की जान जाने का जोखिम पैदा हो गया। इनमें पढ़ाने वाले अध्यापकों की योग्यता का भी कोई मानक तय नहीं होता। ऐसे संस्थान न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराते, बल्कि स्कूली शिक्षा, बोर्ड परीक्षा आदि में अच्छे अंक और रैंक दिलाने का दावा करते हुए भी चलाए जाते हैं। इस तरह प्राथमिक कक्षाओं के बाद ही बहुत सारे विद्यार्थी कोचिंग केंद्रों के आकर्षण में फंसते देखे जाते हैं। इन्हीं शिकायतों के मद्देनजर अब शिक्षा मंत्रालय ने कोचिंग संस्थानों को विनियमित करने का प्रयास किया है। शिक्षा मंत्रालय ने दिशा–निर्देश जारी किया है कि कोई भी कोचिंग केंद्र सोलह वर्ष से कम आयु के बच्चों को दाखिला नहीं देगा। अगर कोई ऐसा करता है, तो उस पर एक लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही वे अच्छे अंक या रैंक दिलाने के भ्रामक दावे भी नहीं कर सकेंगे। इन केंद्रों में स्नातक से कम योग्यता वाले अध्यापकों की नियुक्ति नहीं की जा सकेगी। ये दिशा–निर्देश एक तरह से कोचिंग केंद्रों पर कानूनी शिकंजा कसने की मंशा से दिए गए हैं। देखने की बात है कि कोचिंग केंद्र इनका कितना पालन करते हैं। दरअसल, कोचिंग केंद्र व्यवस्थित शैक्षणिक संस्थानों के समांतर एक धंधे के रूप में विकसित हुए हैं। इनके लिए सरकार से किसी तरह की मान्यता लेने की जरूरत नहीं पड़ती। कोई भी व्यक्ति अगर किसी विषय की बेहतर समझ रखता हो, तो वह कोचिंग शुरू कर देता है। अब तो हर शहर में बहुमंजिला और कई शाखाओं वाले कोचिंग संस्थान खुल गए हैं। जिन संस्थानों के नतीजे थोड़े बेहतर हैं, उनमें दाखिले के लिए भीड़ लगती है। राजस्थान के कोटा में तो कोचिंग संस्थानों का एक अलग शहर ही विकसित हो चुका है। कोचिंग संस्थानों के इस विस्तार में अभिभावकों का भी कम योगदान नहीं माना जा सकता। दसवीं पास करते ही वे अपने बच्चों को इंजिनियरिंग, मेडिकल आदि की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए कोचिंग केंद्रों में दाखिला दिला देते हैं। इस तरह बहुत सारे बच्चों का पंजीकरण तो नियमित स्कूल में होता है, पर वे पढ़ाई के लिए कोचिंग केंद्रों पर जाते हैं। इस पर रोक लगाने के लिए शिक्षा विभाग ने नियम बनाया था कि नियमित कक्षाओं के वक्त विद्यार्थी कोचिंग नहीं ले सकेंगे। मगर उसका कोई असर नहीं हुआ। कोटा के कोचिंग संस्थानों में खुदकुशी की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर राजस्थान सरकार ने आदेश दिया था कि कोई भी संस्थान साप्ताहिक परीक्षण नहीं करेगा, पर उसका भी कोई प्रभाव नहीं पड़ा। अब शिक्षा मंत्रालय के दिशा–निर्देशों के बाद कोचिंग केंद्रों की मनमानी पर कुछ अंकुश लगने की उम्मीद जगी है। मगर इस पर कड़ी नजर नहीं रखी गई, तो ये केंद्र फिर कोई गलती निकाल लेंगे।

# 'बजट पूर्व संवाद' कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

## उद्योग, पर्यटन, बैंकर्स समेत विभिन्न सेक्टर्स से जुड़े विशेषज्ञों ने सुझाव दिए

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में प्रदेश की आर्थिकी को सशक्त बनाने हेतु 'बजट –पूर्व संवाद' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में विभिन्न लिए महत्वपूर्ण सुझाव मांगे हैं। बजट को जनता के सुझावों के आधार और जनभावनाओं के अनुरूप बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट प्रदेश की आर्थिक स्थिति और भविष्य का दर्पण है। उन्होंने कहा कि का केंद्र बिंदु उत्तराखण्ड का समग्र विकास है। सतत, समावेशी और नवाचार तथा प्राद्यौगिकी पर आधारित विकास राज्य सरकार का मूल मंत्र है। वित्त मंत्री श्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि हमनें बजट को जनता का बजट बनाने पर काम यूनिवर्सिटी डॉ. सुरेखा डंगवाल, महानिदेशक यूकोस्ट प्रो. दुर्गेश पंत समेत उद्योग, पर्यटन, समेत विभिन्न सेक्टर्स से जुड़े विशेषज्ञों ने अपने सुझाव दिए। इस दौरान कार्यक्रम में दर्जा मंत्री श्री विश्वास डावर, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राध







क्षेत्रों से आए विशेषज्ञों ने मुख्यमंत्री को आगामी बजट के संबंध में सुझाव दिए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2024–25 के लिए जल्द ही बजट पेश करने जा रही है। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनता से बजट के अर्थव्यवस्था की प्रगति का सीधा संबंध आम जनता के गुणवत्तापूर्ण जीवन से होता है। जनता की आकांक्षाओं और क्षमता को बेहतर ढंग से समझने के लिए जन संवाद बजट निर्माण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि बजट किया है। जन सहभागिता से बजट तैयार हो इस पर निरंतर कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि संपूर्ण प्रदेश से बजट पर सुझाव मांगे जा रहे हैं। हम सामूहिक प्रयास से उत्तराखण्ड को आगे ले जाने का काम करेंगे। इस अवसर पर कुलपति दून ा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव श्री आनंद बर्धन, सचिव श्री आ.मीनाक्षी सुंदरम, श्री बीवीआरसी पुरुषोत्तम, अपर सचिव श्री रणवीर सिंह चौहान अपर सचिव श्री युगल किशोर पंत, मनमोहन मैनाली एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# सीएम ने लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित 96 अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्त पत्र

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के माध्यम से चयनित कुल 96 अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र सौंपे। जिसमें उत्तराखण्ड वन विकास निगम के 88 और उच्च शिक्षा विभाग के 08 सहायक लेखाकार शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित सहायक लेखाकारों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनहित में कार्य करें, इससे आत्मसंतुष्टि मिलती है। ईश्वर की कृपा से आपको जनसेवा करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा रोजगार के साथ ही स्वरोजगार को भी तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। विभिन्न विभागों के माध्यम से लोक सेवा आयोग और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भर्ती के लिए अधियाचन भेजे गए हैं। अनेक पदों पर भर्ती प्रक्रियाएं गतिमान हैं। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, अध्यक्ष वन विकास निगम श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी, उपाध्यक्ष उच्च शिक्षा उन्नयन समिति डॉ देवेन्द्र भसीन, सचिव उच्च शिक्षा श्री शैलेश बगोली, अपर सचिव श्री आशीष श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक वन विकास निगम श्री एस. पी. सुबुद्धि उपस्थित रहे।

# मौर्य एकेडमी का प्रिंस कर राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में हुआ चयनित

गदरपुर। क्षेत्र में मौर्य क्रिकेट एकेडमी है यहां से स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंडर 17 पुरुष वर्ग की राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए मौर्य क्रिकेट एकेडमी गदरपुर के खिलाड़ी प्रिंस कर का चयन उत्तराखंड की क्रिकेट टीम में हुआ है।प्रिंस कर गदरपुर के निवासी हैं उनके पिता इंद्र नीलकर मौर्य क्रिकेट एकेडमी गदरपुर के क्रिकेट कोच भी हैं वर्तमान समय में प्रिंस कर मौर्य क्रिकेट एकेडमी में क्रिकेट सीखते है। यह स्कूल गेम्स फेडरेशन की अंडर 17 क्रिकेट की राष्ट्रीय प्रतियोगिता पटना बिहार में आयोजित हो रही है। इसमें प्रतिभाग करने के लिए प्रिंस कर रवाना हो गए हैं।



# अतुल मटरगली व्यापारी एसोसिएशन के महामंत्री नियुक्त

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मटरगली व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली ने पूर्व महामंत्री पंकज गुप्ता के आकस्मिक निधन से रिक्त चल रहे हैं महामंत्री पद पर मटर गली के सह कोषाध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता को मुख्य महामंत्री पद पर मनोनीत किया है। अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली ने बताया कि अतुल कुमार गुप्ता के मनोनयन से मटरगली व्यापारी एसोसिएशन के कार्यों को गति मिलेगी और व्यापारी हित में कार्य होंगे। अतुल कुमार गुप्ता के महामंत्री पद पर मनोनीत होने से हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रेम चौधरी, मोइन बाबा, रोहित गौड़ , आरिफ हुसैन सिद्दीकी, जाकिर हुसैन सिद्दीकी, वकार अहमद, सरफराज हुसैन, त्रिलोकचंद गुप्ता, मनीष वर्मा, डिक्की नागपाल, सुरेश रौतेला, लक्ष्मी नारायण, सौरव सिंघल, रोशन लाल केशरवानी, प्रिंस गुप्ता, विजय प्रकाश शर्मा, शंकर जोशी, सुल्तान अब्बास, संदीप सक्सेना,पंकज जोशी, सागर वार्ष्णेय, देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, जीवन सिंह कार्की, महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल, महामंत्री नेत्र बल्लभ जोशी, मुकेश बेलवाल, प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री मनोज जायसवाल, देवभूमि व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोविंद बगड़वाल, महामंत्री राजीव जायसवाल आदि शामिल हैं।



# न्यायालय की शरण में जाने की तैयारी में व्यापारी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संयुक्त संघर्ष समिति व्यापारियों की एक बैठक सत्यनारायण मंदिर धर्मशाला में संपन्न हुई। जिसमें व्यापारियों द्वारा अपने अपने विचार रखें और आगे की रणनीति तय की। उन्होंने उच्च न्यायालय एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ताओं से विचार विमर्श किया। अध्यक्ष योगेश शर्मा कहा कि व्यापारी की हर रणनीति में उनका सहयोग करेंगे। जब तक हमारे व्यापारियों को न्याय नहीं मिल जाता आंदोलन इसी प्रकार चलता रहेगा। मनोज जायसवाल महामंत्री व संदीप सक्सेना प्रचार मंत्री ने कहा पीड़ित व्यापारियों के लिए अगर बाजार भी बंद करना पड़े उससे भी संकोच नहीं करेंगे। क्योंकि यह सिर्फ आज व्यापारी की उत्पीड़न की घटना नहीं है। प्रशासन हमेशा व्यापारियों को दोषी ठहराते रहे। मगर इसकी जिम्मेदार स्वयं यहां का शासन प्रशासन है। बैठक में जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे, जिला युवा अध्यक्ष सौरभ भट्ट, प्रदेश संगठन मंत्री रूपेंद्र नगर, संगठन मंत्री उपेंद्र कनवाल, संघर्ष समिति के पदाधिकारी, किरन जोशी, कुसुम जोशी, विकास धिगड़ा, सतविंदर सिंह अरोड़ा, मोहम्द अनीस, केतन गुप्ता, शिव कपूर, राजू जोशी, अशोक कुमार, बलबीर सिंह, बलविंदर सिंह, संजय कुमार, इंदरजीत सिंह, बसन्त बाबा, गौरव गुप्ता, पवन सागर, रोहित अग्रवाल सहित पीड़ित व्यापारी उपस्थित थे।



# एआरटीओ ने लोगों को दिए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के टिप्स

काशीपुर(उद संवाददाता)। संभागीय परिवहन कार्यालय में एआरटीओ असित कुमार झा ओर जितेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का कार्यक्रम किया। जिसमें उन्होंने कार्यालय के कर्मचारियों समेत अन्य लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर समस्त जनता का कर्तव्य है कि वह वाहन चलाते समय अपनी सुरक्षा स्वयं करें और दूसरों की सुरक्षा में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने कहा कि यह सड़क सुरक्षा कार्यक्रम 15 जनवरी से प्रारंभ होकर 14 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम शिक्षण संस्थाओं और अन्य जगहों पर किया जाएगा। इसी के साथ ही स्लोगन के माध्यम से और पेंटिंग के माध्यम से सड़क सुरक्षा के विषय में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि चौपाइयां वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करें, दो पहिया वाहन चलाते वत्तफ हेलमेट का प्रयोग अति आवश्यक है, इसके साथ ही वाहन चलाते वक्त मोबाइल का प्रयोग ना करें। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते वत्तफ वाहन स्वामी वाहनों के समस्त कागजात साथ में रखें, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति उनके अभिभावक ना दें। उन्होंने कहा कि नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से भी सड़क सुरक्षा माह के बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने सुरक्षा की दृष्टि से सभी लोगों से आहवान किया है की लोग खुद भी जागरूक हो और दूसरों को भी जागरूक करें।



# दो प्राइवेट गाड़ियों को टैक्सी में प्रयोग करते दबोचा

काशीपुर(उद संवाददाता)। वैसे तो संभागीय परिवहन विभाग समय–समय पर चेकिंग अभियान चलाता रहता है। इसी क्रम में एआरटीओ प्रवर्तन जितेंद्र चंद्र ने अपनी टीम के गिरीश सती प्रवर्तन चालक, मुख्तार अली प्रवर्तन सहायक निरीक्षक व सोनू प्रवर्तन आरक्षी के साथ मिलकर चेकिंग अभियान चलाया। बतादे की संभागीय परिवहन अधिकारियों को शिकायत मिल रही थी की सड़कों पर बिना परमिट के वाहन राजस्व को चूना लगाते हुए दौड़ रहे हैं। इसी का संज्ञान लेते हुए एआरटीओ प्रवर्तन जितेंद्र चंद्र ने टीम के साथ स्वयं को सवारी दर्शाते हुए एक टैक्सी को हायर किया, जिस पर बिना परमिट के गाड़ी चला रहे वाहन चालक को उन्होंने कुछ दूर जाकर दबोच लिया। पता चला की यह वाहन बिना परमिट के टैक्सी का प्रयोग कर रहे हैं, जिस पर एआरटीओ जितेंद्र चंद्र ने वाहन को सीज कर 25 हजार का जुर्माना डाला। इतना ही नहीं उन्होंने इस वाहन के साथ एक अन्य और वहां को टैक्सी में प्रयोग प्राइवेट वाहन को भी सीज कर दिया, और उस वाहन से भी 25 हजार का जुर्माना वसूला। इस खबर से अन्य वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। एआरटीओ प्रवर्तन जितेंद्र चंद्र ने सख्त लेजे में प्राइवेट गाड़ियों को टैक्सी में यूज करने वाले वाहन स्वामियों को चेतावनी दी है कि यदि प्राइवेट वाहन टैक्सी में प्रयोग की जाती है तो उनकेखिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और दस्तावेज निरस्त करने की भी कार्रवाई अमल मैं लाई जाएगी। फिलहाल इस कार्रवाई से प्राइवेट वाहन स्वामियों में हड़कंप मचा हुआ है।



# बीमा राशि हड़पने के लिए बनाई ट्रक चोरी की झूठी कहानी

## पुलिस ने किया गिरोह का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। ट्रक चोरी की झूठी रिपोर्ट से बीमा राशि हड़पने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। गिरोह के दो सदस्यों को पुलिस ने एक लाख की नगदी और चोरी हुए ट्रक सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक शाकिर पुत्र अमीर हुसैन निवासी वार्ड नं0 02 भोला कालौनी थाना गदरपुर ने एक प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि अज्ञात चोरों द्वारा रात्रि मे उसका दस टायरा ट्रक चोरी कर लिया गया है। एसएसपी के निर्देश पर मामले के अनावरण के लिए तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने घटना स्थल के आस-पास लगे सी.सी.टी.वी कैमरो का अवलोकन किया। जिस पर घटना संदिग्ध पाई गयी। गठित टीम ने वादी शाकिर पुत्र अमीर हुसैन से गहन पूछताछ की। जिस पर शाकिर द्वारा ट्रक पर वर्ष 2022 में शिवम फिनकैप कम्पनी काशीपुर से 9 लाख रूपये का लोन लिये जाने की जानकारी सामने आयी। पता चला कि मन मे बेईमानी आने पर अगस्त 2023 के बाद किस्त की रकम की अदायगी नही करते हुए बीमा कम्पनी से बीमा की करीब 12 लाख रुपये की राशि हडपने का षडयंत्र रचते हुए अपने अन्य साथियों रफीक मामू पुत्र सुक्खा निवासी इस्लाम नगर थाना-गदरपुर,, शादाब पुत्र मजीद निवासी स्वार थाना स्वार जिला रामपुर ,ताहिर चांद पुत्र अज्ञात निवासी लालपुर रामपुर उ0प्र0 व सईद पुत्र नूर हसन निवासी सरकड़ी आका नगर थाना मिलक खानम जनपद रामपुर के साथ मिलकर ट्रक को 4 लाख रुपये में (जिनमे से 2 लाख रुपये एडवांस के रुप मे मिले) कानपुर निवासी जसविन्दर उर्फ मोन्टी,रिंकल तथा शैलेन्द्र गुप्ता आदि को बेच दिया। मामले में केस दर्ज करते हुए पुलिस ने शाकिर पुत्र अमीर हुसैन निवासी वार्ड नं0 02 भोला कलौनी थाना गदरपुर को ट्रक बेचने के एव में मिले 2 लाख में 1 लाख रुपये,चोरी कराये गये ट्रक की नम्बर प्लेट व अभियुक्त सईद पुत्र नूर हसन निवासी सरकड़ी आका नगर थाना मिलक खानम जनपद रामपुर उ0प्र0 को एक अदद टायर मय रिम , 50 मीटर लम्बी ट्रक के डाले की रस्सी समेत गिरफ्तार किया गया। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष गदरपुर भुवन चन्द्र जोशी,उ0नि0राकेश कठायत प्रभारी चौकी गूलरभोज थाना गदरपुर,उ0नि0 बंसन्त प्रसाद थाना-गदरपुर,हे0का0 खीम सिह एसओजी काशीपुर जनपद -उधमसिहनगर,कानि दर्शन सिह र,इरशाद उल्ला थाना गदरपुर, दीपक जोशी थाना गदरपुर शामिल थे।



# उद्यान घोटाले को लेकर आप ने मांगा उद्यान मंत्री का इस्तीफा

देहरादून(उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि उद्यान विभाग में हुए करोड़ों के घोटाले पर सरकार और उद्यान मंत्री गणेश जोशी मोन साधा हुआ है इससे यह स्पष्ट होता है की सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति महज एक दिखावा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार डायरेक्टर उद्यान बवेजा को सरकार द्वारा पद से हटाया गया लेकिन उसी घोटाले में सम्मिलित बीजेपी के रानीखेत से विध ायक प्रमोद नैनवाल को सरकार बचाती दिख रही है उन्होंने कहा खुद उद्यान मंत्री इस पूरे मामले पर बोलने को तैयार नहीं है क्योंकि वह जानते हैं कि रानीखेत के विध ायक और उनके भाई की इस पूरे मामले में संलिप्तता है। इसलिए कृषि मंत्री उनका बचाते दिखाई दे रहे हैं । उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इसमें स्वयं कृषि मंत्री की भी संलिप्तता है और आम आदमी पार्टी कृषि मंत्री गणेश जोशी के इस्तीफा की मांग करती है। उन्होंने कहा कि यदि जल्दी ही इस मामले पर भाजपा द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया गया तो आम आदमी पार्टी इसका विरोध करेगी एवं उग्र प्रदर्शन करेगी । इस दौरान पार्टी के नेता राजू मोरिया डीके पाल ,अशोक सेमवाल,सीमा कश्यप ,दीप्ति रावत, जयप्रकाश राणा ,चौधरी रविंदर, ए एस रावत, नासिर खान, जितेंद्र पंत ,विजय पाठक, कासिम चौधरी ,नफीस बानो, सी पी सिंह, रिहाना परवीन ,सुशील सैनी ,इकबाल राव, इकराम, हरविंदर सिंह कई लोग मौजूद थे । इससे पूर्व पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पूर्व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक बैठक का आयोजन भी किया जिसमें मुख्य रूप से उत्तराखंड के मूल भू कानून एवं अंकित हत्याकांड पर चर्चा हुई।



# स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बनभूलपुरा क्षेत्र में बीती रात चौकिंग की जा रही थी। चौकिंग के दौरान पुलिस द्वारा एक अभियुक्त को बनभूलपुरा क्षेत्र में उत्तर उजाला के पाए बरेली रोड से अवैध स्मैक की चोरी छिपे तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता आसिफ पुत्र सराऊद्दीन निवासी निकट नूरी मस्जिद, बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से पुलिस ने 6.90 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गयी । पुलिस ने नशा तस्कर आरिफ को गिरफ्तार उसके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त आरिफ पूर्व में भी नशे की तस्करी में जेल जा चुका है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि. शंकर नयाल, कानि. मुन्ना सिह व मुन्ना सिह शामिल थे।



# तमंचा और चाकू के साथ दो गिरफ्तार

गदरपुर(उद संवाददाता)। अपराधियों और संदिग्धों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम चकरपुर स्थित पावर हाउस के पास दिनेशपुर को जाने वाली सड़क पर अभियुक्तगण रईस अहमद पुत्र स्व, मोहम्मद जान निवासी वार्ड नं, 13 दूधिया नगर थाना रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर से तलाशी में इसके कब्जे से एक नाजायज तमंचा 315 व एक जिंदा कारतूस तथा इमरान सैफी पुत्र इकरार सैफी निवासी गौजाजाली थाना बनभूलपुरा हल्द्वानी जनपद नैनीताल से एक नाजायज चाकू बरामद किया गया । अभियुक्तगणों को उनके जुर्म से अवगत कराते हुए हिरासत पुलिस लेकर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ओम प्रकाश,कांस्टेबल विमल टम्टा एवं कैलाश मनराल थे।



# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुंजवाल का किया स्वागत

रूदपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने शॉल ओड़ाकर भव्य स्वागत किया स इससे पूर्व जिला कांग्रेस कार्यालय में पहुंचने पर पूर्व स्पीकर और नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा प्रभारी



उत्तराखंड विधानसभा के पूर्व स्पीकर और नैनीताल उधम सिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी गोविंद सिंह कुंजवाल का रुद्रपुर पहुंचने पर बुके प्रदान कर एवं गोविंद सिंह कुंजवाल का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया स इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष...

**दुल्हन की तरह सजा...**अयोध्या पहुंचेंगे। पहले उनके 21 जनवरी को ही अयोध्या पहुंचने की बात कही जा रही थी। प्रधानमंत्री अयोध्या में करीब 4 घंटे समय गुजारेंगे। प्रधानमंत्री का विमान 22 जनवरी को सीधे महिर्ष वाल्मीकी इंटरनेशनल एयरपोर्ट सुबह 10.25 बजे उतरेगा। सरकार की ओर से जारी कार्यक्रम के मुताबिक प्रधानमंत्री वाल्मीकी एयरपोर्ट से हेलीकॉप्टर द्वारा 10.55 बजे श्री रामजन्मभूमि स्थल पर पहुंचेगे। यहां पर वह करीब तीन घंटे रहेंगे।जारी कार्यक्रम के मुताबिक सुबह 11से 12 तक प्रधानमंत्री का समय आरक्षित रहेगा। इसके बाद मोदी 12.05 बजे से 12.55 बजे तक श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के सामने ही रामलला की प्रतिमा पर बंधी पट्टी खोली जाएगी। इसके बाद पीएम सोने की सलाई से रामलला को काजल लगाकर उन्हें शीशा दिखाएंगे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न करने के बाद दोपहर 1 बजे सार्वजनिक समारोह स्थल पर पहुंचेंगे। वहां पर आयोजित जनसभा को संबोधि त करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री दोपहर 2 बजे प्रस्थान करके 2.10 बजे कुबेर टीला पहुंचेंगे, जहां शिव मंदिर में दर्शन पूजन करेंगे। मोदी 3.30 बजे दिल्ली रवाना हो जाएंगे। बताते चलें कि 22 जनवरी को श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इसके मद्देनजर श्रीराम मंदिर की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। एनएसजी से प्रशिक्षित यूपीएसएसएफ की महिला और पुरुष कमांडो को तैनात किया गया है। पूरे परिसर को अभेद्य और अचूक सुरक्षा कवच के बीच कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल के लगभग 1450 जवान श्रीराम जन्मभूमि की सुरक्षा में तैनात हैं। अपर पुलिस महानिदेशक एलवी एंटनी देव कुमार स्वयं मॉनीटरिंग कर रहे हैं। यूपीएसएसएफ के जवान रामजन्म भूमि परिसर, गर्भगृह और पेट्रोलिंग ड्यूटी के साथ रेड जोन की सुरक्षा में लगाए गए हैं। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर एहतियाती तैयारी चल रही है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, पूर्व पीएम एचडी देवेगौड़ा, कांग्रेस पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, लाल कृष्ण आडवाणी,मोहन भागवत, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, उद्योगपति रतन टाटा,मुकेश अंबानी,गौतम अदाणी,नारायण मूर्ति,सुधा मूर्ति,आनंद महिंद्रा,अदार पूनावाला,अनिल अंबानी, बालीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन,रजनीकांत,माध ुरी दीक्षित,अनुपम खेर,मोहन लाल,रणबीर कपूर,आलिया भट्ट,अजय देवगन,सनी देओल,अरूण गोविल,अक्षय कुमार,संजय लीला भंसाली,अनुष्का शर्मा,कंगना रनौट,आशा भोसले, खेल जगत से सचिन तेंदुलकर,महेंद्र सिंह धोनी,विराट कोहली,नीरज चोपड़ा,पीवी सिंधू,रोहित शर्मा,आर अश्विन,वेंकटेश प्रसाद,कपिल देव,विश्वनाथन आनंद,पीटी ऊषा, दलाई लामा,बाबा रामदेव,सदगुरु जग्गी वासुदेव सहित कई हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। विश्व हिंदू परिषद के मुताबिक, रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए लगभग 7,000 लोग शामिल होंगे, जिनमें विदेश से लगभग 100 प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है।

**मुठभेड़ में ...**चौकी इंचार्ज को तत्काल मैक्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मुठभेड़ में बदमाश के पैर मे भी गोली लगी है, उसे भी मैक्स अस्पताल के भर्ती करवाया गया है। आरोपी पानीपत हरियाणा का रहने वाला है। परिवार में जमीनी विवाद चल रहा था। सितंबर से उसके पिता भी थे गायब। अब पता चला कि उसने अपने पिता की भी हत्या कर दी थी। शुभम के पास से दो पिस्तौल और दो मैगजीन बरामद हुई।

**बदमाशों ने ...**यूके 06 जेड/1808 पर सवार होकर शराब के नशे में चूर तीन लड़के उसके होटल में आए और खाने की पेशकश की। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस दौरान तीनों लड़कों ने होटल में कार्यरत कर्मचारियों से गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। घटना को अंजाम देते हुए तीनों ने जमकर तोड़फोड़ की और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में होटल स्वामी की तहरीर के आधार पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ धारा 427, 504, 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

**ताबड़तोड़ फायरिंग..**के बल पर दोनों घायलों को जबरन थार में बैठा लिया और बंद पड़ी शुगर मिल के एक अनजान आवास के पास ले गये । रास्ते में कार चला रहा अंकुश चौधरी अपने फोन से लगातार अपने साथियों को फोन करके बुला रहा था और बोल रहा था कि इन दोनों को आज जान से मारना है। इसी बीच प्रत्येन्द्र ने चुपचाप अपने मोबाईल से अपने छोटे भाई विजय को फोन कर दिया और मोबाईल पर लाईव लोकेशन भेज दी। लोकेशन की जानकारी मिलते ही विजय तत्काल वहां पर पहुँच गया । और किसी तरह से उन दोनों को सकुशल गाड़ी में बैठाकर वापस ले आया । घटना की जानकारी मिलते ही आगरा के पूर्व विधायक कुबेर सिंह एटा


## बिकाऊ है

रूद्रपुर स्थित सिटी स्क्वायर सेन्टर नं0 15 ग्राउण्ड फ्लोर में 10x20 साईज की एक दुकान बिकाऊ है।

-सम्पर्क करें-
मोबा. 8445375904



## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SMITA AJAY THAKARE से बदलकर SMITA SUBHASH WANKHADE कर लिया है। अतः भविष्य में मुझे SMITA SUBHASH WANKHADE, D/O SUBHASH WAMANRAO WANKHADE के नाम से जाना पहचाना जाए। वर्तमान पता- D3/2 Metropolis city, Flat no- 53, Rudrapur, Udham Singh Nagar, Uttarakhand


# पति पर लगाया मारपीट का आरोप

हल्द्वानी । एक महिला ने अपने पति पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका विवाह संदीप सिंह पुत्र सुखबीर सिंह निवासी रणजीत विहार लाहौर रोड अमृतसर के साथ 29 मई 2020 को आर्य समाज गाजियाबाद में हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका पति उसके मारपीट करने लगा। उसके पति ने उसे जान से मारने की नियत से उसे खाने में जहर भी दे दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इस हादसे में किसी तरह से उसकी जान बच गई। महिला का कहना है कि इस कृत्य के लिए उसके पति ने माफी भी मांगी थी। महिला के अनुसार संदीप दिसंबर 2021 में कनाडा चला गया। जिसके बाद 28 जनवरी 2023 को वह भी कनाडा चली गई। कुछ समय बाद संदीप का व्यवहार फिर बदल गया और उसने वहां पर भी मारपीट शुरू कर दी। कुछ समय बाद वह किसी तरह से कुसुमखेड़ा में रहने वाले अपने नाना के घर आ गई।

## पाठकों के लिए सूचना

अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आज उत्तरांचल दर्पण के अंक में प्रभु श्री राम दरबार के के चित्र वाला वार्षिक कलेंडर प्रकाशित किया गया है। पाठकों से अनुरोध है कि प्रभु श्री राम के चित्र का अनादर ना करें। कलेंडर को सम्मानजनक स्थान पर लगायें। जय श्री राम। **-संपादक**

स्थित अपने निवास से उत्तराखंड के काशीपुर पहुंचे और मामले की तहरीर आईटीआई थाने में दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के विरुद्ध ध ारा307,323,365,504,506 के तहत नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**साइकिल से ..**गंभीर रूप से घायल हो गये और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी वहां आ गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**शादी का झांसा देकर...** उसके घर आ धमका और कहने लगा कि हम दोनों वकील हैं पुलिस हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती। खिलाफ मुंह खोला या कानूनी कार्यवाही की कोशिश की तो कोठे पर बेंच दिया जाएगा।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा** **समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सिखों को गुमराह कर रहा है पन्नू: नामधारी

## भगवान राम का मंदिर बनना गर्व की बात, हिंदू धर्म को बचाने के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने से भी पीछे नहीं हटे सिख



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में व्यवधान डालने और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मारने की धमकी देने वाले खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस के संचालक गुरपतवंत सिंह के खिलाफ निशाना साधते हुए उसे सिख विरोधी करार दिया है। प्रेस वार्ता में सुखदेव सिंह नामधारी ने कहा कि विदेशों में बैठा गुरपतवंत सिंह पन्नू सिखों को गुमराह कर रहा है, और देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त है। उसने हाल ही में यूपी के मुख्यमंत्री योगी को मारने की धमकी दी है और अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को सफल नहीं देने की धमकी दे रहा है। पन्नू के घिनौने मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। पन्नू जिस देश में रह रहा है वहां की एजेंसियों को और वहां की सरकार को खुश करने के लिए भ्रामक बयानबाजी कर रहा है। विश्व की निगाहें अयोध्या पर है इसीलिए पन्नू कोरी धमकियां देकर आतंक फैलाने की कोशिश कर रहा है। श्री नामधारी ने कहा कि पन्नू वास्तव में सिख है ही नहीं। न तो उसका पहनावा सिखों वाला है और न ही वह सिख धर्म में आस्था रखता है। वह सिर्फ भारत विरोधी एजेंडा चला रहा है। भारत विरोधी एजेंडा चलाकर वह विदेशों में धन वसूली कर रहा है। अगर वह वास्तव में सिखों का हितैषी है तो भारत आकर बात करें। श्री नामधारी ने कहा कि पन्नू और उसका संगठन युवा पीढ़ी को गुमराह करने की कोशिश कर रहा है। कुछ लोग उसके बहकावे में आकर आज जेलों में कैद है। उनका हाल आज तक पन्नू ने नहीं पूछा। पूर्व दर्जा मंत्री ने कहा कि आज अयोध्या में सदियों बाद भगवान राम का मंदिर बनना करोड़ों भारतीयों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि हिंदू और सिख अलग नही है राम मंदिर जितना हिंदुओं का है उतना सिखों का भी है। जब राम मंदिर को लेकर पहली एफआईआर हुई वह 1857 में फकीर सिंह के खिलाफ हुई थी। फकीर सिंह ने अपने साथियों के साथ बावरी मस्जिद का ताला तोड़कर वहां राम जी की मूर्ति स्थापित की थी। 17 दिन तक वहां लगातार वहां पूजा पाठ चलता रहा। बाबर के समय में श्री गुरुनानक देव जी को प्रताड़ित किया गया। गुरूनानक देव जी अपनी पहली उदासी के दौरान अयोध्या गये थे और वहां कई दिन बिताये। मुगल आक्रांता जहांगीर ने गुरू अर्जुन देव जी को प्रताड़ित किया। उसके बाद गुरू हरगोविंद सिंह जी को ग्वालियर की जेल में बंद किया गया। नौवें गुरू श्री गुरुतेग बहादुर जी भी अयोध्या गये थे। जब वह पटना साहिब से वापस आनंदपुर साहिब के लिए आ रहे थे तो गुरुगोविंद सिंह जी साथ में थे। वह भी अयोध्या जी में रूके। गुरू तेग बहादुर जी ने देश, धर्म, मानवता और हिंदुत्व की रक्षा के लिए अपना बलिदान चांदनी चौक में दिया वह औरंगजेब के आगे नहीं झुके। गुरू श्री तेगबहादुर जी और गुरू गोविंद सिंह जी ने भी औरंगजेब से लड़ाई लड़ी। हिंदू धर्म को बचाने के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने से भी पीछे नहीं हटे। सरदार सुखदेव सिंह नामधारी ने कहा कि हिंदू और सिख अलग नहीं है। हम सब एक हैं और एक ही रहेंगे। पन्नू जैसे लोग जो सिखों के नाम पर अपनी रोटियां सेक रहे हैं इनको सिखों की कोई चिंता नहीं है। पन्नू पूरी तरह गुण्डा एलीमेंट है।







# 22 जनवरी की तैयारियों को लेकर जगमग हुए मंदिर

## मंदिरों की कर रहे सफाई, धार्मिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन, श्रद्धालुओं में भारी उत्साह

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आगामी 22 जनवरी को तीर्थ नगरी मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्म भूमि अयोध्या में नव निर्मित भव्य श्री राम मंदिर में श्री राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की खुशियां मनाने के लिए देश भर के करोड़ों राम भक्तों के साथ साथ जिला मुख्यालय के लाखों रामभक्त भी पूरी तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसके तहत राम भक्त पिछले कई दिनों से सभी मंदिरों की साफ सफाई कर रहे हैं। वहीं मंदिरों को फूल मालाओं तथा रोशनी से भव्य रूप से सजाने की तैयारियां भी की जा रही हैं। अनेक मंदिरों में तो कई धार्मिक कार्यक्रम भी प्रारम्भ कर दिये गये हैं। पिछले कई दिनों से सम्पूर्ण जनपद में जगह जगह पूजित अक्षत कलश की शोभा यात्रा निकाल कर रामभक्त मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान कर रहे हैं। आगामी 21 एवं 22 जनवरी को सारा वातावरण श्री राम के जयघोषों से गुंजायमान हो जायेगा। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री दुर्गा मंदिर, श्री शिव मंदिर, मां अटरिया देवी मंदिर, श्री बृहस्पति देव मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री चामुण्डा मंदिर, श्री राधाकृष्ण मंदिर, श्री गोबिंद मंदिर, श्री हनुमान मंदिर, सहित ट्रांजिट कैम्प, सिडकुल चौकी परिसर, कोतवाली परिसर, सिडकुल चौक, आवास विकास, इन्द्रा कालोनी, सिंह कालोनी, रम्पुरा, भूतबंगला, पहाडगंज, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, शांति कालोनी, रविन्द्र नगर, माडल कालोनी, दरिया नगर, शक्ति विहार कालोनी, घास मंडी, ईश्वर कालोनी, संजय नगर, आदर्श कालोनी, अटरिया रोड, काशीपुर बाईपास रोड, जगतपुरा, दूधिया नगर, खेड़ा, शक्ति विहार, पीएसी परिसर, गंगापुर रोड, निकटवर्ती ग्राम भूरारानी, डिबडिबा, दानपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, छतरपुर, मटकोटा, रामनगर, फुलसुंगा, फुलसुंगी, प्रीत विहार आदि क्षेत्रों में स्थित मंदिरों में रामभक्त 21 व 22 जनवरी को इस सुनहरे पल को दीपावली उत्सव के रूप में मनाने की तैयारियां कर रहे है।



# रूद्रपुर के डीडी चौक पर प्रभु श्रीराम पर आधारित लेजर शो का किया शुभारंभ

## विधायक और जिलाधिकारी ने सभी क्षेत्रवासियों को दी शुभकामनायें





रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम रुद्रपुर के सौजन्य से डीडी चौक पर उत्तराखंड की सबसे बड़ी लेजर शो का शुभारंभ विधायक शिव अरोरा एवं जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व डीडी चौक पर यह राम के जीवन पर आधारित लेजर शो जो देहरादून के बाद रुद्रपुर में लगाया गया है, जो उत्तराखंड का सबसे बड़ा लेजर शो है जिसमें रामसीता राम हनुमान मिलन, राम राजा रूप जैसे दृश्य है जो अपने आप मे मनमोहक करने वाले हैं जिसके लिये उन्होंने नगर निगम रुद्रपुर व नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल को बधाई दी।वहीं डीएम ने कहा कि भगवान श्री राम श्रेष्ठ राजा थे। उन्होंने मर्यादा, करुणा, दया, सत्य, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलते हुए राज किया। इस कारण उन्हें आदर्श पुरुष और मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जाता है। भगवान राम में अनेक गुण हैं, जोकि हर व्यक्ति में जरूर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम की परिवार के प्रति कृतज्ञता और सहनशीलता से युवा पीढ़ी को सबक लेना चाहिए, जिन्हें पिता जी की आज्ञा का पालन करते हुए 14 साल वनवास में बिताए। इस दौरान उपेंद्र चौधरी, अनमोल विर्क, योगेश वर्मा, सुनील ठुकराल, सुनील यादव, मयंक कक्कड़, धीरेश गुप्ता, राजेश जग्गा, मनमोहन सिंह, विकास सागर, सुनील सागर, नमन चावला, विक्की वाल्मीकि, राजेन्द्र राठौड़ व अन्य लोग मौजूद रहे।



# कौशल्या मंदिर प्रांगण में अखंड रामायण पाठ शुरू

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर रोड स्थित कौशल्या एनक्लेव के मंदिर प्रांगण में आज से अखंड रामायण पाठ का विधिवत शुभारंभ किया गया जिसका समापन कल 22 जनवरी को होगा। हवन यज्ञ के बाद मंदिर प्रांगण में भव्य भंडारा प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया जाएगा। मंदिर समिति ने इस राम कार्य में अधिक से अधिक भक्तजनों को पहुंचाने की अपील की है। आज प्रात: सर्वप्रथम मंदिर में कालोनी निवासी ललित दुमका परिवार द्वारा पूजन की शुरुआत की गई। उसके बाद भजन मंडली द्वारा अखंड रामायण का पाठ शुरू किया गया। इस मौके पर ललित दुमका, गुलशन गौतम, अजय राज शर्मा, अमर शर्मा, गणेश चौरसिया, आलोक राय, नंदकिशोर शर्मा, सुशील सिंह, शिव व्रत कुशवाहा, पूरन चंद्र पंत, संदीप थपलियाल, पूरन सिंह केड़ा सहित कई भक्तजन मौजूद थे। रामायण का संपूर्ण कार्यक्रम गुलशन गौतम जी के परिवार द्वारा किया गया।

